दिनांक- 08.12.2024 समय- 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

पीएम – राजस्थान–हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान और हरियाणा जाएंगे। प्रधानमंत्री जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे वहां मौजूद लोगों को सम्बोधित भी करेंगे।

पल्स पोलियो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास से पल्स पोलियो अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने जन सामान्य से इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया है। प्रदेश के 16 जिलों में आज से 10 दिसंबर तक यह अभियान चलेगा। जिसमें 5 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी।

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी इस अभियान में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि पोलियो से मुक्त रहने के लिए इस अभियान में शामिल हो।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के 7वां संस्करण 11 दिसंबर, को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है और इसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या–समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। पिछले संस्करणों की तरह, छात्र दल मंत्रालयों/विभागों/उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या सुझावों पर काम करेंगे या 17 विषयों में से किसी पर भी छात्र नवाचार श्रेणी में अपना विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्याओं के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए हैं।

अष्टलक्ष्मी– महोत्सव

नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विविधता और विरासत को संरक्षित करना है। तीन दिन के इस कार्यक्रम का समापन आज होगा। इसमें पूर्वोत्तर के आठ राज्यों, असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम की संस्कृति की विशेषता प्रदर्शित

की जाएगी। महोत्सव में 250 से अधिक कारीगर, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों तथा कृषि बागवानी उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें 34 जीआई–टैग उत्पाद शामिल हैं।

## क्रिकेट

बॉर्डर–गावस्कर क्रिकेट ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर दूसरा टेस्ट जीत लिया है। मेजबान टीम ने भारत को दूसरी पारी में 175 रन पर आउट करने के बाद बिना किसी नुकसान के 19 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन आज 5 विकेट पर 128 रन से पारी शुरू करते हुए, भारतीय टीम ने 47 रन पर आखिरी पांच विकेट खो दिए। भारत के नितीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ पांच मैचों की यह श्रृंखला 1–1 से बराबर हो गई है।

## उत्तराखंड–चारधाम यात्रा

उत्तराखंड में बहु–प्रतीक्षित शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। इस पहल से क्षेत्र में आध्यात्मिक पर्यटन को बढावा मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं को सर्दी के मौसम में उत्तराखंड की सुंदर और मनमोहक प्राकृतिक छटा देखने का अवसर भी मिलेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 11 दिसम्बर को होने वाले जन कल्याण पर्व के संबंध में एक बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक का आयोजन मुख्यमंत्री निवास पर किया गया।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के कानून की वैधानिकता मामले में सरकार को एक माह की मोहलत दी है। अंतिम सुनवाई के बाद हाई कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी।
- खजुराहो में चल रहे इंटरनेशनल डांस फेस्टिवल में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे। उन्होने कहा कि खजुराहो के पर्यटन में वृद्धि हो रही है और पहले से अधिक विकास दिखाई दे रहा है।
- बुरहानपुर में कल विश्व दिव्यांगजन सप्ताह समापन समारोह पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को उनके अधिकार व हक की जानकारी दी।
- सांस्कृतिक विभाग द्वारा कल शिवपुरी में विश्व संगीत समागम तानसेन शताब्दी समारोह मे संगोष्ठी और गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोभा चौधरी इंदौर, सुधा रघुरमन कर्नाटक शैली दिल्ली ने अपनी प्रस्तुति दी।

--------------------------------